माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in
Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 2485 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2024–25 दिनांक: 23/9/24

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

विषय– प्रायोगिक परीक्षाओं के देयकों पर लगने वाली सामान्य आपत्तियों के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रायोगिक परीक्षाओ के देयकों में सामान्यतः कतिपय आपत्तियाँ होती है जिनके निस्तारण हेतु महाविद्यालयों से अपेक्षा की जाती है तथा आवश्यक अभिलेखों के अभाव में देयक पारित किया जाना सम्भव नही हो पाता है जिसके कारण भुगतान में देरी होती है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त देयकों को विश्वविद्यालय में प्रेषित करने से पूर्व कृपया स्वंय देख लें कि उनमें निम्नलिखित समस्त प्रपत्र / अभिलेख / आदेश इत्यादि लगे हैं, अथवा नहीं, यदि न लगे हो तो उन्हें पूर्ण कराने के उपरान्त ही विश्वविद्यालय में प्राप्त कराये जायें:–

1. विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षकों का निर्गत नियुक्ति पत्र कमवार (इसी कमवार Summary बनाकर तथा इसी कमवार देयक संलग्न किये जाये) अनिवार्यतः संलग्न होने चाहिये।
2. विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त परीक्षकों से भिन्न परीक्षकों से यदि परीक्षा कार्य लिया गया है तो उनके नामों का विश्वविद्यालय द्वारा जारी अनुमोदन पत्र प्रस्तुत किया जाये।
3. विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्ति परीक्षकों के पैनकॉर्ड की छायाप्रति संलग्न की जायें।
4. TDS के सम्बंध में 'सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों की TDS कटौती नियमानुसार की जा रही है' का प्राचार्य द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न किया जाये।
5. प्रयोगात्मक परीक्षा के सभी देयक विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप पर प्रस्तुत किये जाये।
6. समस्त देयक प्राचार्य द्वारा प्रमाणित कर संलग्न किये जाये।
7. सत्र के सभी देयक एक साथ प्रस्तुत किये जाये।
8. समस्त देयक पर पाठ्यक्रम / विषय / पेपर कोड अंकित करके ही प्रस्तुत किये जाये अर्थात् Remunaretion और TA/DA Bill पूर्णतः भरे हुये होने चाहिये। (TA/DA Bill मे यात्रा दूरी गूगल मैप से मिलान कर ही अंकित की जाये)
9. यू0जी0 (NEP) षष्ठम् सेमेस्टर में लघुशोध के मूल्याकंन हेतु प्रस्तुत किये गये देयक में परीक्षक का अनुमोदन पत्र तथा प्राचार्य द्वारा नियुक्त गये परीक्षक का नियुक्ति पत्र संलग्न किया जाये।
10. शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मियों को भुगतान किये गये पारिश्रमिक की पृथक–पृथक सूची एवं TA/DA व GrandTotal आदि की Summary बनाकर संलग्न प्रारूप के अनुसार तैयार कर प्रस्तुत की जाये। (छायाप्रति संलग्न)

इस सम्बन्ध में आपसे अपेक्षा की जाती है कि उक्त प्रपत्र / अभिलेख / आदेश इत्यादि के साथ ही समस्त देयक गोपनीय विभाग में उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। ताकि अग्रिम कार्यवाही कर बिलों का निस्तारण किया जा सके। अन्यथा कि स्थिति में देयक स्वीकार्य नही होगें।

आपका सहयोग अपेक्षित है

भवदीय,
23-9-24
उपकुलसचिव

प्रतिलिपि– निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित –

1 कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

उपकुलसचिव

EXAM NAME-

S.N.	Examiner Name	Internal/External	Examiner College Name	Course	Sem	Paper Code	Number of Student	TA/DA	Remuneration	Gross Total	TWF 5% of Remuneration	TDS 10% of Remuneration	Total Deductions	Net Amount
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14 (12+13)	15 (11-14)
										Total -				Total -